# पर्यटन अध्ययन

बीटीएस
प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य पुस्तिका
(2018)

## टीएस–1 और टीएस–2

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–1 और टीएस–2 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | ज्नवरी 18 सत्र के लिए अंतिम तिथि | ज़ुलाई 18 सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–1 | अप्रैल 15, 2018 | अक्तूबर 15, 2018 |
| टीएस–2 | अक्तूबर 15, 2018 | अप्रैल 15, 2019 |

## टीएस-1 : पर्यटन में आधार पाठ्यक्रम

**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस-1** **कार्यक्रम : बीटीएस**

**कुल अंक : 100** **सत्रीय कार्य कोड : टीएस-1/टीएमए/2018**

**नोट : किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600-600 शब्दों में दीजिये । सभी प्रश्नो के अंक सामान है. अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें ।**

**1.** विभिन्न प्रकार के पर्यटक आवासों की चर्चा करें । उपयुक्त उदाहरण देकर भारत में अनुपूरक आवासों का वर्णन करें । **20**

**2.** पर्यटन को बढ़ावा देने के विभिन्न तरीके क्या हैं? पर्यटन को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया की भूमिका का चर्चा करें। **20**

**3.** पर्यटन के विभिन्न प्रकार क्या हैं? किसी पर्यटन स्थल की संस्कृति और पर्यावरण पर पर्यटन के प्रभाव की चर्चा करें । **20**

4. एक टूर ऑपरेटर टूर पैकेज कैसे बनाता है? अपनी पसंद के एक टूर पैकेज का **03D/02N** यात्रा कार्यक्रम तैयार करें । **20**

5. यात्रा वृत्तांत लेखन से आप क्या समझते हैं? पर्यटन लेखन हेतु आवश्यक योग्यता की चर्चा करें । **20**

6. ग्रामीण पर्यटन से आप क्या समझते हैं? पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव का वर्णन करें । **20**

**7.** निम्नलिखित में से किन्ही दो पर संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए । **10** x 2 = 20

a) विश्व पर्यटन संगठन (WTO)

b) पर्यटन में गुणात्मक प्रभाव

c) पर्यटन में अमूर्त विरासत की भूमिका

d) यात्रा प्रेरक

**8.** पर्यटन में आकड़ों का क्या महत्त्व हैं? पर्यटन क्षेत्र में विभिन्न सांख्यिकीय साधनों का उपयोग डेटा के मूल्यांकन और तुलना करने में कैसे करते हैं? स्पष्ट कीजिये। **20**

**9.** पर्यटन में मौसम की स्थिति पर एक विस्तृत नोट लिखिए । **20**

**10.** पर्यटन विपणन को परिभाषित करें। विपणन के 4 Ps पर चर्चा करें। **20**

**टीएस-2 : पर्यटन विकास : उत्पाद, संचालन और स्थिति अध्ययन**

**(अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य)**

**पाठ्यक्रम कोड : टीएस-2** **कार्यक्रम : बीटीएस**

**कुल अंक : 100** **सत्रीय कार्य कोड : टीएस-2/टीएमए/2018**

**नोट : किन्ही पांच प्रश्नों के उत्तर लगभग 600-600 शब्दों में दीजिये। सभी प्रश्नों के अंक समान है. अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।**

1. पर्यटक की प्रोफाइल तैयार करने का क्या महत्त्व है? यह गंतव्य को बढ़ावा देने में कैसे मदद करता है? 20

2. एक टूर ऑपरेटर द्वारा एक शहर के पर्यटन का आयोजन करते समय कुछ सामान्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उन्हें लिखें। 20

3. पर्यटन उत्पाद के रूप में नृत्य और संगीत का प्रभावी ढंग से कैसे विपणन किया जाना चाहिए? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिये। 20

4. "साहसिक और खेल पर्यटन का भारत में तेज आगमन हैं" टिप्पणी कीजिए। 20

5. पर्यटन में कला और शिल्प की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिये। 20

6. "यात्रा कार्यक्रम (Itinerary)" शब्द से आप क्या समझते हैं? भारतीय रेलवे द्वारा पैकेज टूर के रूप में दिए गए किसी यात्रा कार्यक्रम(Itinerary) की चर्चा कीजिये। 20

7. यूरोपीय पर्यटक बाजार की विशेषताओं की चर्चा करें। 20

8. "उड़ानों की अनुसूची तैयार करना तथा संचालन का प्रबंधन किसी भी एयरलाइन की सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक है" कथन का विश्लेषण कीजिये। 20

9. राजस्थान सरकार द्वारा विकसित "विरासत होटल योजना" का आलोचनात्मक परिक्षण कीजिये। 20

10. निम्नलिखितपर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए : 10×2=20

    क) अतिथि-मेजबान संबंध

    ख) व्यंजन और थीम डिनर